स्वास्थ्य डेटा प्रबंधन नीति का मसौदा

प्रीलिम्स के लिये

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, स्वास्थ्य डेटा प्रबंधन नीति, राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन

मेन्स के लिये

राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन का महत्त्व और डेटा संरक्षण संबंधी चुनौतियाँ

चर्चा में क्यों?

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (National Health Authority-NHA) ने टिप्पणियों और प्रतिक्रियाओं के लिये स्वास्थ्य डेटा प्रबंधन नीति (Health Data Management Policy) का मसौदा जारी किया है।

प्रमुख बिंदु

- ध्यातव्य है कि स्वास्थ्य डेटा प्रबंधन नीति का मसौदा स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित डेटा की गोपनीयता और उसकी सुरक्षा के लिये न्यूनतम मानक निर्धारित करने हेतु एक मार्गदर्शक दस्तावेज़ के रूप में कार्य करेगा।
- **उद्देश्य**
  - आम नागरिकों के व्यक्तिगत एवं संवेदनशील डेटा के सुरक्षित प्रसंस्करण हेतु पर्याप्त मार्गदर्शन प्रदान करना एवं एक रूपरेखा निर्मित करना।
  - व्यक्तिगत और चिकित्सा संबंधी डेटा को डिजिटल रूप प्रदान करना, ताकि स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और आम नागरिकों द्वारा इसे आसानी से प्राप्त किया जा सके, साथ ही यह पूर्ण रूप से स्वैच्छिक प्रकृति का होगा और इसे एक व्यक्ति की सहमति और अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन करके ही एकत्रित किया जाएगा।
  - डेटा की गोपनीयता और उसकी सुरक्षा के संबंध में जागरुकता प्रदान करना ।
  - राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र का मूल्यांकन करने के लिये आवश्यक संस्थागत तंत्र स्थापित करना।
  - भारतीय स्वास्थ्य क्षेत्र में विद्यमान सूचना प्रणाली का लाभ उठाना।

व्यक्तिगत डेटा का अर्थ

सरल और बुनियादी रूप में व्यक्तिगत डेटा किसी भी प्रकार के डेटा का वह समूह होता है, जिसमें व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी शामिल होती है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि व्यक्तिगत डेटा को देखकर अथवा उसका विश्लेषण कर किसी व्यक्ति विशिष्ट की पहचान करना संभव होता है।

- **प्रमुख प्रावधान**
  - यह मसौदा नीति मुख्य तौर पर उन व्यक्तियों के संवेदनशील डेटा को सुरक्षित रखने के लिये रूपरेखा प्रस्तुत करती है जो राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा हैं।
  - संबंधित दस्तावेज़ के अनुसार, राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र के तहत एकत्र किये गए डेटा को केंद्रीय स्तर, राज्य/केंद्रशासित प्रदेश स्तर और स्वास्थ्य सुविधा स्तर पर न्यूनतमता (Minimality) के सिद्धांत को अपनाकर संग्रहीत किया जाएगा।
  - प्रस्तावित मसौदे में कहा गया है कि 'स्वास्थ्य आईडी' (Health ID) के विकल्प का चयन करने वाले रोगियों को अपने व्यक्तिगत तथा संवेदनशील डेटा को एकत्र करने और उसे संसाधित करने के संबंध में संपूर्ण नियंत्रण और अधिकार दिया जाएगा।
    - इसकी सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता यह है कि रोगी किसी भी समय व्यक्तिगत डेटा को एकत्र करने को लेकर दी गई अपनी सहमति वापस ले सकते हैं।
  - स्वास्थ्य सूचना प्रदाताओं और उपयोगकर्त्ताओं समेत डेटा का प्रसंस्करण करने वाले सभी संस्थानों को एक 'व्यक्तिगत डेटा उल्लंघन प्रबंधन तंत्र' बनाना होगा, इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि व्यक्तिगत डेटा के अनधिकृत या आकस्मिक प्रकटीकरण, साझाकरण, परिवर्तन या उपयोग आदि की स्थिति में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) और अन्य संबंधित संस्थाओं को तत्काल सूचना मिल सके।
  - मसौदे के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) रोगियों के व्यक्तिगत डेटा उल्लंघन की घटनाओं को पहचानने, उन्हें ट्रैक करने, उनकी समीक्षा करने और उनकी जाँच करने के लिये आवश्यक प्रक्रिया निर्मित करेगा।

पृष्ठभूमि

- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2017 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (National Health Policy) जारी की थी, जिसमें एक एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्रणाली विकसित करने के उद्देश्य से एक डिजिटल स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी तंत्र के निर्माण की परिकल्पना की गई थी।
- जिसके पश्चात् जुलाई, 2019 में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) के तत्कालीन अध्यक्ष की अध्यक्षता में गठित एक समिति ने नेशनल डिजिटल हेल्थ ब्लूप्रिंट (NDHB) जारी किया।
- नेशनल डिजिटल हेल्थ ब्लूप्रिंट (NDHB) के तहत राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र के विकास को सुविधाजनक बनाने के लिये राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (NDHM) गठित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया।
- इसके पश्चात् 74वें स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त, 2020) के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (NDHM) की घोषणा की।

राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (NDHM)

- 74वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया से जुड़ी तीन परियोजनाओं की घोषणा की थी, जिसमें राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन भी शामिल था।
- राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (NDHM) एक पूर्ण डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र होगा, जिसके तहत चार प्रमुख डिजिटल पहलों; हेल्थ आईडी, व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड, डिजी डॉक्टर और स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री को लॉन्च किया जाएगा।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/draft-health-data-management-policy-released-for-public-feedback